कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिशनरेट, वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक 12.05.2023

थाना रामनगर पुलिस द्वारा दुष्कर्म से सम्बन्धित अभियुक्त अनिस कुमार को गिरफ्तार किया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा गम्भीर अपराधों की रोकथाम हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली के क्रम में व प्रभारी निरीक्षक रामनगर के निर्देशन में दिनांक 12/05/2023 को उ0नि0 श्री पवन कुमार राय मय हमराह का0 अतुल यादव के देखभाल क्षेत्र करता हुआ रात्रि गस्त व भ्रमण व वांछित अभियुक्त की तलाश करता हुआ सूजाबाद तिराहे पर मौजूद थे कि मूखबिर खास आकर सूचना दिया कि आपके मुकदमे से सम्बन्धित अभियुक्त राजघाट पुल पर खड़ा है जो कहीं जाने के फिराक में है यदि साहब जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता है । सूचना पाकर हमराही कर्मचारीगण को साथ लेकर मौके पर पहुंचकर हिकमत अमली से घेरघारकर पकड़ लिया गया पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो अपना नाम **अनिल कुमार पुत्र स्व0 प्रेमलाल निवासी डोमरी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी** बताया भागने के सम्बन्ध में कड़ाई से पूछताछ किया गया तो बताया कि साहब मुझे जानकारी हो गयी थी कि मेरे खिलाफ थाना रामनगर में मुकदमा लिखा गया है पकड़े जाने के डर से मैं भाग रहा था कि आप लोगों ने पकड़ लिया। पकड़े गये अभियुक्त को उसके अपराध का बोध कराते हुए कारण गिरफ्तारी बताकर समय करीब 06.50 बजे हिरासत पुलिस मे लिया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है

पंजीकृत अभियोग :-

मु0अ0सं0-0052/2023 धारा 363,376,506 भादवि0 व 3 / 4 पाक्सो एक्ट

पंजीकृत अभियोग का संक्षिप्त विवरण –

दिनांक 14/03/2023 को आवेदिका ने माननीय न्यायालय के आदेश से लिखित सूचना दिया कि विपक्षीगण द्वारा वादिनी की नाबालिग पुत्री के साथ षणयन्त्र करके भगा ले जाना शारीरिक सम्बन्ध बनाना व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में वादिनी बनाम 1.अनिल कुमार पुत्र स्व0 प्रेम लाल 2.खुशी कुमार पुत्री स्व0 प्रेमलाल 3.नन्दिनी पत्नी विरेन्द्र कुमार निवासीगण ग्राम डोमरी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 0052/2023 धारा 363/376डी/506/120बी भा0द0वि0 व 3 / 4 पास्को एक्ट पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 श्री पवन कुमार राय को सुपुर्द किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण :-

1. अनिल कुमार पुत्र स्व0 प्रेमलाल निवासी डोमरी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 24 वर्ष

<u>अभियुक्त का आपराधिक -</u>निल

<u>गिरफ्तारी / बरामदगी का दिनांक, समय व स्थान :-</u>12/05/2023 समय 06.50 बजे, राजघाट पुल

<u>बरामदगी का विवरण –</u>निल

<u>गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-</u>

1- उ0नि0 श्री पवन कुमार राय चौकी प्रभारी सूजाबाद थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

2- का0 अतुल यादव थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।